अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी का परिणाम घोषित

तेजयुग न्यूज

नारनौल, 01 मार्च। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी की ओर से 4 से 16 दिसंबर तक 4 जिलों महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, दादरी व भिवानी की राव तुलाराम स्टेडियम रेवाड़ी में आयोजित अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी (सभी शस्त्र) सामान्य प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। योग्यता सूची में अधिकतम उम्मीदवारों के साथ सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी ने पूरे भारत में शीर्ष स्थान हासिल किया।

यह जानकारी देते हुए सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी से भर्ती निदेशक कर्नल आनंद साकले ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी में चयन योग्यता में अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी में 149 उम्मीदवार का चयन हुआ है।उन्होंने बताया कि सभी सफल उम्मीदवार 9 मार्च से प्रशिक्षण के लिए संबंधित रेजिमेंटल केंद्रों को भेजने के लिए सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी कार्यालय को रिपोर्ट करेंगे। इसलिए सभी चयनित उम्मीदवार 9 मार्च को सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी कार्यालय में रिपोर्ट करें।

मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

तेजयुग न्यूज

करनाल, 01 मार्च। जिला पुलिस करनाल की सभी टीमों द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में चोरों की धर पकड़ लगातार जारी है। इसी क्रम में इंचार्ज चौंकी बल्ला एएसआई रजनीश की अध्यक्षता में टीम ने दो आरोपी आदेश पुत्र रामबीर वासी मैनपुरी और रंजीत सिंह पुत्र विजय वासी कोडियादाना हरदोई उत्तरप्रदेश को हरदोई कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से शिकायतकर्ता सुंदर मान वासी बल्ला के गांव गोली में स्तिथ ठेके के बाहर से दिनाक 25 दिसंबर को चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। इस संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ थाना मुनक में चोरी के तहत मुकदमा नंबर 323 दर्ज किया गया था।

दुकान का स्टर तोड़कर सामान चोरी करने वाले चार आरोपियों को सीआईए की टीम ने किया गिरफ्तार

तेजयुग न्यूज

करनाल, 01 मार्च। जिला पुलिस अधीक्षक करनाल शशांक कुमार सावन के कुशल निर्देशन में और इंचार्ज एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में सीआईए वन की टीम ने अच्छा काम किया है। टीम ने एएसआई सतीश की अध्यक्षता में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपी बलीराम उर्फ कलवा पुत्र जीताराम वासी पासीपुर जिला आजमगढ़ उत्तरप्रदेश हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 06, करनाल, बीरबल पुत्र तिलक पासवान वासी अम्मा गिनरपुर जिला बेगूसराय बिहार हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 32, संतोष पुत्र राजू साहनी वासी गौरीपुर जिला बेगूसराय बिहार हाल किरायेदार गली नंबर 07, फूसगढ और अनेकपाल उर्फ सूरज पुत्र पूरनलाल वासी टड़वा जिला बरेली उत्तरप्रदेश हाल झुग्गी झोपड़ी सेक्टर 06, करनाल को जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। और उनकी निशानदेही पर उनके कब्जे से शिकायतकर्ता सुरिंदर की कलंदरी गेट पर स्तिथ दुकान का स्टर फाड़कर दिनाक 09 जनवरी की रात को चोरी हुआ समान जैसे टुंटियां, प्लग, एंगल वॉल आदि बरामद किया गया। इस संबंध में नामालुम आरोपियों के खिलाफ थाना शहर करनाल में चोरी के तहत मुकदमा नंबर 26 दर्ज किया गया था।

एक दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

तेजयुग न्यूज

तोशाम, 01 मार्च। शुक्रवार को स्थानीय चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह के निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर किया गया इसके साथ-साथ छात्राओं द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न भी दिए गए।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भिवानी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट सत्यजीत पिलानिया रहे। एडवोकेट सुनील मुलोदिया नें महिला विशेष कानून जैसे घेरलू हिंसा, दहेज विरोधी कानून, बाल श्रम कानून, जैसे गंभीर विषयों पर कालेज की छात्राओं को जानकारी दी। दूसरे सत्र में एडवोकेट पवन परमार नें महिलाओ के लिए कानूनी जागरूकता की आयश्यकता पर अपने विचार साँझा किये। उन्होंने महिलाओ को उनके कानून द्वारा दिए गए विभिन्न अधिकारों के बारे में जानकारी दी। कि किस तरह से हम अपनी शिकायतों को दर्ज कर सकते है।

पशु मेले में जेब से रुपए चोरी करने के मामले में एक महिला आरोपिता गिरफ्तार

तेजयुग न्यूज

महेंद्रगढ़, 01 मार्च। पशु मेला में खाने के मैस में रुपए चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने एक महिला आरोपिता को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान रूपा वासी पुराना मेला मैदान गंवार फैक्ट्री के पीछे, भिवानी के रूप में हुई। आरोपिता को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा चार आरोपितों अजय, सोनू, कृष्ण और भरत को पहले गिरफ्तार किया था। जिनसे पूछताछ में पुलिस ने आरोपितों से 20 हजार रुपए की नकदी बरामद की। आरोपितों ने हरियाणा केंद्रीय यूनिवर्सिटी पाली के मैदान में पशु धन मेले में खाने की पंडाल में जेब से रुपए चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। शिकायतकर्ता बलवान सिंह वासी लीजवाणा खुर्द थाना जुलाना जींद ने जेब से पैसे चोरी होने की शिकायत पुलिस को दी थी। जिसमें उसने बताया कि दिनांक 26 फरवरी को वह व उसका भाई कृष्ण पशु धन मेला यूनिवर्सिटी पाली जिला महेन्द्रगढ मे मेला देखने के लिए आए हुए थे कि समय करीब 12 बजे दिन में वह और उसका भाई मेला के अन्दर चल रहे खाने के मैस मे खाना खा रहे थे, जहाँ पर काफी भीड थी। खाना खाने के बाद देखा तो उसके भाई कृष्ण के कमीज की बाई जेब से 22,500/झ रुपए चोरी हुए मिले जो खाना खाते समय भीड मे किसी ने जेब से निकाल लिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसी समय खाना खा रहे अन्य तीनझचार व्यक्तियो की जेबो से भी रुपये चोरी हुए बतलाए गए। शिकायतकर्ता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ जेब से रुपये चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपितों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ में उनसे नकदी बरामद कर ली।

पंजाब के एक स्टार्ट-अप का अद्भुत आविष्कार देखिये केवल हिस्ट्रीटीवी 18 पर

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़, 01 मार्च। चंडीगढ़ का एक नया लॉन्च हुआ स्टार्ट-अप '80वॉश', सफाई की अभूतपूर्व तकनीक पेश करता है और कपड़े धोने के बारे में हमारे सोचने के तरीके को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। यह अत्याधुनिक मशीन बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी-आधारित माइक्रोवेव का उपयोग करती है और दाग हटाने के लिए सूखी भाप का उपयोग करती है, जिससे केवल 80-सेकंड के चक्र में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त होते हैं। पानी की बबार्दी और रासायनिक डिटर्जेंट के पर्यावरणीय प्रभाव दोनों ही मुद्दों पर काम करने वाले इस नवोन्वेषी उपकरण की कहानी देखिए 'ओएमजी! ये मेरा इंडिया' के चौथे एपिसोड में, जिसका प्रीमियर होगा इस सोमवार, 4 मार्च को रात 8 बजे, केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरीज का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर सोमवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभा रहा है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत कर रहा

है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रुचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की है।

रूबल गुप्ता, नितिन कुमार सलूजा और वरिंदर सिंह द्वारा स्थापित '80वॉश' ने एक पेटेंटेड आईएसपी स्टीम तकनीक विकसित की है जिसमें पानी और ढेर सारे रासायनिक डिटर्जेंट की प्रचुर मात्रा पर निर्भरता वाले पारंपरिक तरीके से विपरीत कपड़ों को प्रभावी ढंग से साफ करने के लिए गैर-आयनीकृत किरणों के साथ सूखी भाप का इस्तेमाल होता है। एक बार में पांच कपड़ों को धोने के लिए केवल आधा कप पानी की आवश्यकता होती है और डिटर्जेंट बिल्कुल नहीं चाहिए होता। जबकि पारंपरिक वाशिंग मशीनें प्रति लोड में 75 लीटर तक पानी की खपत करती हैं! जल संरक्षण में क्रांति लाने वाले इस अद्भुत आविष्कार को देखिए इस सोमवार रात 8 बजे 'ओएमजी!' ये मेरा इंडिया' में।

चंडीगढ़ के इस आशाजनक आविष्कार से उत्साहित हो जाइए जो एक बड़ा प्रभाव डाल सकता है, साथ ही देखिए देश भर से लाई गई अन्य अविश्वसनीय कहानियाँ जिनमें परितेवाड़ी के वो शिक्षक भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी पुरस्कार राशि में से लगभग 4 करोड़ खुशी-खुशी बाँट दिए।

किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करें सरकार : डॉ. कुलदीप ढींढसा

कहा : देश के अन्नदाता की तरक्की होगी तो देश की उन्नति भी होगी

तेजयुग न्यूज

कैथल, 01 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं जननायक विद्यापीठ के निर्देशक डॉ. कुलदीप ढींढसा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की जो भी समस्या है उनको किसानों के साथ बातचीत करके जल्द से जल्द समाधान करें, ताकि किसान आंदोलन की राह छोडकर वापिस अपने घर जा सके। डॉ. ढींढसा आज सिरसा से

चंडीगढ़ जाते समय कैथल में एडवोकेट पवन ढुल के निवास पर जलपान के लिए रुके। इस दौरान बातचीत करते हुए डॉ. ढींढसा ने कहा कि आज अगर देश का अन्नदाता सडकों पर क्यों उतरने को मजबूर हुआ। अगर किसानों की उन्नति होगी तब तभी देश की तसकी होगी, क्योंकि विश्व भर में भारत को कृषि प्रधान देश के तौर पर जाना जाता है। अगर किसान खुश रहेगा तो देश की तरक्की भी तभी संभव है।

उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता दिन रात धूप, गर्मी, सर्दी की परवाह किए बगैर अपना खून पसीना बहाकर फसलों की पैदावार कर देश का पेट भरने का काम कर रहे है, लेकिन इसके बावजूद किसानों को अपनी फसलों के भाव सहित अन्य मांगों को लेकर निंरतर आंदोलन करना पड़ रहा है। जो किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। डॉ. कुलदीप ढींढसा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि सरकार बिना समय गवाए किसान हित में अपना राजधर्म निभाते हुए धरतीपुत्र किसानों से वार्ता कर शांतिप्रिय ढंग से किसानों की समस्याओं का निदान करने का काम करें।

वैट वन टाइम सेटलमेंट स्कीम का सभी व्यापारी फायदा उठाएं: नीरज सिंह

तेजयुग न्यूज

करनाल, 01 मार्च। करनाल की उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) नीरज सिंह ने करनाल के टैक्स वकीलों के साथ वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर चर्चा के लिए अपने कार्यालय में बैठक बुलाई। बैठक में अधिवक्ताओं ने ओटीएस से संबंधित अपनी समस्याएं रखीं। समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करके हल निकाला। इस स्कीम के नोडल अधिकारी अभिषेक बतरा ईटीओ और प्रताप कुंडु ईटीओ ने भी वकीलों को ओटीएस स्कीम के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि समय रहते सरकार द्वारा दिए गए मौके का समय से फायदा उठाएं।

उन्होंने करदाताओं को दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस स्कीम के तहत उन्हें जुमार्ना राशि एवं ब्याज राशि की पूर्ण छूट, स्वीकृत कर पर 100 प्रतिशत देय सहित यदि विवादित कर की राशि रुपए 50 लाख के बराबर या उससे कम है तो विवादित कर का 30 प्रतिशत तथा अन्य सभी मामलों में विवादित कर का 50 प्रतिशत भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि वहीं निर्विवादित कर की राशि रुपए 50 लाख के बराबर या उससे कम है तो विवादित कर का 40 प्रतिशत तथा अन्य सभी मामलों में विवादित कर का 60 प्रतिशत भुगतान करना होगा। उन्होंने सभी वकीलों से अनुरोध किया कि सभी अपने अपने व्यापारियों को स्कीम के बारे में बताएं और उन्हें इस स्कीम को लेकर अपने बकाया राशि को कम जमा करवाकर फायदा उठाएं।

इस मौके पर वकीलों ने भी विभाग को आश्वस्त किया की वह सभी व्यापारियों को प्रोत्साहित कर ओटीएस स्कीम को ज्यादा से ज्यादा सफलता बनाने का प्रयास करेगें। इस मौके पर डीटीआई सतपाल सिंह, जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उप प्रधान रमन मल्होत्रा, महासचिव ललित कुमार, महासचिव सतीश आर्य, कैश्यिर अशोक पाहवा, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश गुप्ता, मनोज मित्तल, सुरेन्द्र रोहिला, संजय मदान, मोहिन्द्र सिंह, प्रेम सागर बहला, करण गोयल, राकेश गौतम, विनोद मलिक, नितिन गुप्ता आदि वकील मौके पर थे।

किसानों के हित पूरी तरह से भाजपा सरकार में ही सुरक्षित : एडवोकेट गगन चौधरी

दावा : देश व प्रदेश में तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में खिलेगा कमल का फूल

तेजयुग न्यूज

कैथल, 01 मार्च। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री अधिवक्ता गगन चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में तीसरी बार कमल का फूल खिलेगा। जनता आगामी चुनावों में विपक्ष का पूरी तरह से सफाया करने का काम करेगी। नई अनाज मंडी ढांड में एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए अधिवक्ता गगन चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया भर में

भारत का सम्मान बढ़ रहा है। दशकों में देश में जो विकास नहीं हुआ, मोदी के साढ़े 9 साल के कार्यकाल में हुआ है। दशकों बाद देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो बिना थके, बिना रूके और बिना अवकाश के भारत को आगे बढ़ा रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में दुनिया का नजरिया भारत के प्रति बदला है। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री ने कहा कि देश में नए हाईवे और एक्सप्रेसवे का जाल बिछाना, वाटर-वे का निर्माण, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाना, दिव्य काशी भव्य काशी कोरिडोर, उज्जैन में महाकाल मंदिर और सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, देश के सभी तीर्थों को हाईवे से जोड?ा, नए हवाई अड्डे बनाना, पासपोर्ट कार्यालय खोलना, 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज देना, निःशुल्क कोरोना वैक्सीन लगवाना जैसे अनेकों ऐसे काम हैं जो सिर्फ साढ़े 9 साल में मोदी सरकार ने किए हैं। भारत आर्थिक तौर मजबूत होने के साथ आत्मनिर्भर भी हो रहा है। भाजपा नेता गगन चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के साढ़े 9 साल और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में प्रदेश सरकार के साढ़े 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। वर्ष 2030 तक भारत जर्मनी और जापान को पीछे करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। देश को आगे बढ़ाने और विकसित भारत के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का देश व प्रदेश की जनता संकल्प कर चुकी है। उन्होंने कहा कि आज भारत सुरक्षित हाथों में है और भाजपा राज में देश व प्रदेश की जनता खुशहाल है। किसानों के हित पूरी तरह से भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है और सरकार किसान हित में अनेकों योजनाएं लागू कर रही है।

रामकुमार सैनी बने ओबीसी मंडल अध्यक्ष तथा सतीश कौशल बने कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

तेजयुग न्यूज

इस्माईलाबाद, 01 मार्च। भाजपा मंडल अध्यक्ष चिरंजीव गर्ग ने बताया कि रामकुमार सैनी को ओबीसी मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं सतीश कौशल को कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी जो कार्यकर्ता सच्ची लगन व मेहनत से पार्टी को मजबूत करने का कार्य करते है। उन्हें उनकी मेहनत का फल अवश्य देती है। जिससे पार्टी से जुड़े अन्य लोगों को भी काफी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर रामकुमार सैनी व सतीश कौशल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे और पार्टी को और अधिक मजबूत करने के लिए दिन रात मेहनत करते रहेंगे। इस मौके पर उन्होंने सांसद नायब सैनी तथा राज्यमंत्री संदीप सिंह का आभार व्यक्त किया। अवसर पर प्रदीप शर्मा, जिंदरपाल शर्मा, खेमचंद गुर्जर आदि मौजूद थे।

सरपंचों ने दिया वी. कामराजा को खुला समर्थन

तेजयुग न्यूज

सिरसा, 01 मार्च। सिरसा लोकसभा से चुनाव लडने की तैयारी कर रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी वी. कामराजा को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी, जब जिला के रानियां, डबवाली, ऐलनाबाद, कालांवाली, चोपटा, बड़ागुढ़ा और ओढां ब्लॉक के 80 प्रतिशत सरपंचों ने वी. कामराजा को अपना खुला समर्थन देने का

ऐलान किया।

अपने समर्थन में सरपंचों ने कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी वी. कामराजा ईमानदार व्यक्तित्व के धनी हैं, जिन्होंने सन 1991-92 में अपनी कार्य शैली के दौरान बिना भेदभाव के काम किया। सरपंचों ने कहा कि अगर वे एक सांसद के रूप में जनप्रतिनिधि बनकर सिरसा लोकसभा में आते हैं तो सिरसा लोकसभा को एक नई पहचान दिलवा सकते हैं, जोकि आज तक कोई नहीं कर पाया है। सरपंचों ने कहा कि वर्तमान सरकार सुशासन के नारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अपने सेवाकाल के दौरान वी. कामराजा ने ईमानदारी से जनता की सेवा की, ठीक उसी प्रकार वे राजनीति में भी एक जनप्रतिनिधि के तौर पर जनता के सेवक बनकर काम करेंगे।

इंसाफ के लिए उठाने वाली हर आवाज को दबा रही है सरकार : कंवरपाल करोड़ा , कहा : गठबंधन सरकार जनता के हितों की रक्षा करने में नाकाम साबित हुई

तेजयुग न्यूज

कैथल, 01 मार्च। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी डैलीगेट्स के सदस्य कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि गठबंधन सरकार जनता के हितों व जानमाल की सुरक्षा करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। प्रदेश के किसी ना किसी कोने में प्रतिदिन हत्या, लूटपाट, डकैती, अपहरण, बलात्कार जैसी घटनाएं आम हो रही है। कंवरपाल करोड़ा हलके के विभिन्न गांवों में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार कर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद कस्बे में पंचमुखी चौक पर स्थित कार्यालय में बातचीत करते हुए करोड़ा ने कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। आपराधिक तत्व सरेआम अपराधों को अंजाम दे रहे है और सरकार मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। अगर कोई नागरिक इंसाफ के लिए आवाज उठाता है तो उसकी आवाज को सरकार डंडे के दम पर दबाने में लगी है। ऐसी जनविरोधी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को सत्ता सौंपकर पछता रही है और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल को याद कर रही है। जिसमें चारों तरफ हरियाली, खुशहाली, विकास, रोजगार, अमन, चैन, शांति व भाईचारे का माहौल स्थापित था। अच्छे दिनों के झूठे सपने दिखाकर सत्तासीन हुई भाजपा सरकार के सभी दावे व वादे जुमले साबित हुए है। विकास व रोजागर की राह में हरियाणा पूरी तरह से पिछड़ चुका है। जनता अपने अधिकारों के लिए सडकों पर उतरी हुई है, लेकिन जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि कांग्रेस लोकसभा व विधानसभा चुनावों में जीत का परचम लहराने के लिए पूरी तरह से तैयार है और चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस लोकसभा की सभी सीटें जीतने के साथ स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाऐगी। हुड्डा सरकार बनते ही कांग्रेस की सभी घोषणाएं पहली कलम से लागू की जाऐगी।

किसान भवन पर पहुंचे इंडिया गठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता

:सुदीप सुरजेवाला ने प्रेस कान्फ्रेंस कर सुशील गुप्ता के पक्ष में वोट डालने की अपील की

तेजयुग न्यूज

कैथल, 01 मार्च। लोकसभा के चुनाव की तारीख बहुत नजदीक आ चुकी है, चुनावों की घोषणा कुछ ही दिनों में हो जायेगी। इंडिया गठबंधन से कुरुक्षेत्र लोकसभा से आप पार्टी से सुशील गुप्ता को मैदान में उतारा है। सुशील गुप्ता लगातार कांग्रेस के नेताओ के साथ मिलकर मीटिंग सांझा कर रहे हैं और इसी क्रम में आज किसान भवन सुरजेवाला निवास पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुदीप सुरजेवाला से मिलने पहुंच प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। सुशील गुप्ता ने भाजपा जजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज किसानों को सडकों पर पीटा जा रहा है, महिला खिलाडि?ों को सडकों पर घसीटा जा रहा है, देश व प्रदेश का युवा रोजगार के लिए हक मांग रहा है, बढ़ती महंगाई ने गृहणीयों की कमर

तोड? का काम किया है, व्यापारी व छोटा दुकानदार और हरियाणा का आमजनमानस त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 10 साल से मोदी सरकार ने देश को लूटने व ठगने का काम किया है, अब इस निर्दयी व अधर्मी सरकार से निजात पाने का समय आ चुका है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी का हर साथी कंधे से कंधे मिलाकर भाजपा सरकार की जड़ें उखाड़ फेंकेगा और भाजपा का कोई भी प्रत्याशी आए उसकी जमानत जब्त करके ही रहेगा। सुदीप सुरजेवाला ने प्रेस के माध्यम से बोलते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस पार्टी व आप पार्टी का सांझा उम्मीदवार सुशील गुप्ता जो हमारे बड़े भाई भी हैं, हम सभी एक साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर कैथल हल्के व समस्त जिले से ज्यादा से ज्यादा वोटों से विजयी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला कैथल आएंगे और बड़े स्टर पर कार्यकर्ता मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। तब रणदीप सुरजेवाला के निर्देशानुसार कैथल हल्के के हर गांव व शहर के प्रत्येक वार्ड में कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाई जायेगी। स्वयं रणदीप सुरजेवाला बनकर कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता इस चुनाव को लड़ेगा और इंडिया गठबंधन के के लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता को विजयी बनाएंगे।